# आकाशवाणी शिमला
## 06.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

### मुख्य समाचार

- मुख्य निवार्चन अधिकारी मनीष गर्ग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता शिक्षा कार्यक्रम पर दिया बल।
- भाजपा का स्थापना दिवस आज– देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित।
- वरिष्ठ भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में आए कई उल्लेखनीय बदलाव।
- वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने राज्यसभा सीट का चुनाव परिणाम लॉटरी सिस्टम द्वारा निकाले जाने को उच्च न्यायालय में दी चुनौती।

### मनीष गर्ग

प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विस्तृत नेटवर्क का अधिक उपयोग करने पर बल दिया है। उन्होंने आज शिमला में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भागीदार विभागों व निगमों के साथ स्वीप कार्यक्रम को लेकर एक बैठक की। मनीष गर्ग ने कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए निर्वाचन विभाग ने अनेक नवोन्वेषी कदम उठाए हैं और इनका उद्देश्य मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पैट्रोल पंपों और उचित मूल्य की दुकानों में होर्डिंग व बैनर लगाकर मतदाताओं को जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने जानकारीप्रद व सहभागी बनाने के लिए मतदाता शिक्षा कार्यक्रम और पहल को बढ़ावा देने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### भाजपा स्थापना दिवस

भारतीय जनता पार्टी का आज 45वां स्थापना दिवस है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी हैं। नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है और वर्षों से पार्टी के निर्माण में उनकी कड़ी मेहनत, संघर्ष व बलिदान के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को एन.डी.ए का अभिन्न हिस्सा बनने पर गर्व है और वह अपने सहयोगी दलों की भागीदारी को महत्व देती है।

इस बीच, जे.पी नड्डा ने भी भाजपा को दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की है। इस बीच प्रदेश भाजपा ने आज राज्य के 7 हज़ार 7 सौ 90 बूथों पर स्थापना दिवस मनाया और कई गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि वर्ष 1980 में अपनी स्थापना से लेकर अब तक पार्टी ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं और 2 सांसदों वाली पार्टी के अब 3 सौ से ज्यादा सांसद हैं। उन्होंने इस मौके पर पार्टी के संस्थापक सदस्यों सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं के योगदान को याद किया जिन्होंने भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिंदल ने कहा कि भाजपा देश के हर व्यक्ति विशेषकर अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के विकास के लिए काम करने वाली पार्टी है।

## अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बिलासपुर में भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी के स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए कहा कि कर्मठ कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश में कई राजनीतिक पार्टियां परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पा रही हैं, जबकि भाजपा में परिवारवाद का कोई प्रभाव नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनियाभर में भारत की साख बढ़ी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अनुच्छेद 3 सौ 70 को हटाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से निजात दिलाना और सी.ए.ए. कानून का निर्माण जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय भाजपा सरकार के कार्यकाल में लिए गए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी को मज़बूत बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। बाद में अनुराग ठाकुर ने श्री नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र के अनेक स्थानों पर कई कार्यक्रमों में भाग लिया। जगताखाना में एस.सी. मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार दलितों, शोषितों और वंचितों को मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें संवैधानिक अधिकार और सामाजिक न्याय देने के लिए वचनबद्ध है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति के लोगों को अंत्योदय से आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है।

## प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी घोषणा पत्र की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस घोषणा पत्र में पार्टी ने 5 न्याय व 25 गारंटियों का ऐलान किया है जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र लोगों के लिए न्याय की गारंटी है और बेरोज़गारी व महंगाई पर काबू पाने के लिए पार्टी सत्ता में आने पर कारगर कदम उठाएगी।

## अभिषेक मनु सिंघवी

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रदेश में 27 फरवरी को राज्यसभा सीट के लिए हुए चुनाव के परिणाम को प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन को लॉटरी सिस्टम के आधार पर विजय घोषित किया गया था जबकि कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। उल्लेखनीय है कि अभिषेक मनु सिंघवी राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी थे और 68 सदस्यों वाली प्रदेश विधानसभा में भाजपा व कांग्रेस दोनों को 34–34 मत मिले थे। कांग्रेस के 6 बागी विधायकों सहित तीन निर्दलियों ने भी भाजपा के पक्ष में वोट डाला था। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि लॉटरी सिस्टम के माध्यम से निकाली गई पर्ची में उनका नाम आया था लेकिन भाजपा प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया जिसे उन्होंने आज उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा ने देशहित में किए गए हर वायदे को पूरा किया है और पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है। बिलासपुर ज़िले के झंडूता में आज भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अल्पमत में है और

सरकार की कार्यप्रणाली से नाराज़ होकर 6 कांग्रेस विधायक अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि लोकसभा की सभी चारों सीटों के अलावा भाजपा विधानसभा उपचुनाव में भी सभी 6 सीटों पर जीत हासिल करेगी।

**लाहौल बैठक**

लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर केलंग में आज कांग्रेस पार्टी की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के चुनाव पर्यवेक्षक व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास उम्मीदवारों की कोई कमी नहीं है और लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों की घोषणा जल्द की जाएगी। नेगी ने कहा कि बैठक में कार्यकर्ताओं ने पार्टी से जुड़े कर्मठ नेताओं को ही टिकट देने की वकालत की।

**सिकंदर कुमार**

भाजपा नेता व राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बेहतर शासन प्रणाली से विश्व पटल पर भारत का कद ऊंचा किया है और पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। हमीरपुर ज़िले में नादौन के ढ़गोह में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि देश में भाजपा की नीतियों व कार्यशैली को लेकर जनाधार बढ़ता जा रहा है। सिकंदर कुमार ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**गोमा**

खेल व आयुष मंत्री यादवेन्द्र गोमा ने दावा किया है कि राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव के समय दी गई 10 गारंटियों में से 5 गारंटियों को पूरा कर लिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में राज्य सरकार पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों को लेकर लोगों के बीच जाएगी और जनता सरकार की नीतियों पर मोहर लगाएगी।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस नेताओं पर अनाप–शनाप बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार लोगों की आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाई है और जनता का ध्यान भटकाने के लिए ही तथ्यहीन बयानबाज़ी की जा रही है। बिंदल ने कहा कि कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र भुट्टो के खिलाफ मुख्यमंत्री द्वारा की गई बयानबाज़ी को लेकर भाजपा चुनाव आयोग से शिकायत करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता चुनाव के दौरान प्रदेश के शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने लगभग डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में युवाओं को सरकारी नौकरी देने की दिशा में कोई काम नहीं किया है और प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबाया जा रहा है।

**मतदान संदेश**

आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत कई गतिविधियां करवाई जा रही हैं। हमीरपुर जिले में भी खाद्य आपूर्ति विभाग और रसोई गैस एजेंसियों के सहयोग से गैस सिलेंडरों पर भी स्टिकर्स के माध्यम से मतदान का संदेश

घर–घर पहुंचाने की पहल की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने आज हमीरपुर से गैस सिलेंडरों की गाड़ी को रवाना किया। उन्होंने कहा कि जिले में मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए कई गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इस बीच जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सुजानपुर के परिसर में स्थापित किए जाने वाले मतगणना केंद्र और स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा– निर्देशों के अनुसार मतदान केंद्र व स्ट्रॉन्ग रूम में किए जाने वाले प्रबंधों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।